कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांकः –उ0वि0शि0प0/समन्वय/ 04 /2015–16 दिनांकः–13-05-2015

निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) की ओर से वर्ष 2016 की परिषदीय परीक्षाओं के आवेदन पत्र एवं पंजीकरण कार्य के लिए व्यापार कर में पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो से ओ0एम0आर0 व आई0सी0आर0 मुद्रण हेतु मोहर बन्द निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा स्वयं के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं :–

क्रमांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अर्नेस्ट-मनी
1	हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा के ओ0एम0आर0 व आई0सी0आर0 आवेदन पत्र मुद्रण	रू0 200=00 बिक्री कर रू0 27=00 (कुल रू0 दो सौ सत्ताईस)	रुपया 50,000=00
2	पंजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र मुद्रण	रू0 200=00 बिक्री कर रू0 27=00 (कुल रू0 दो सौ सत्ताईस)	रुपया 20,000=00

(A) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय **दिनांक 01,06,2015 (सोमवार) समय–प्रातः11 बजे**

(B) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय **दिनांक 01,06 ,15(.सोमवार) अपराह्न 12 बजे**

(C) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि **दिनांक 01,06,2015 अपराह्न 3,30 बजे**

निविदा की प्रमुख शर्ते :-

क – हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा के ओ0एम0आर0/आई0सी0आर0 आवेदन पत्र व पंजीकरण के ओ0एम0आर0, आवेदन पत्र मुद्रण आपूर्ति हेतु फर्म को N.S.I.C./ S.S.I. या D.I.C. से पंजीकृत होना आवश्यक है।

ख – निविदा के साथ अर्नेस्ट–मनी, क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/N.S.C. / F.D.R. के रूप में सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल के पदनाम से बंधक रखनी होगी।

ग– निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र परिषद की **website www.ubse.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। वेबसाईड से निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने पर निर्धारित निविदा शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **क्रमांक (घ) के अनुसार** निविदा जमा करने से पूर्व समन्वय अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा, तभी निविदा स्वीकार की जायेगी।

घ – निविदा फार्म 30,05,2015 अपराहन 4:00 बजे तक अथवा इससे पूर्व किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक परिषद कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रति, निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 (जनपद नैनीताल) में देय हो जमा करना अनिवार्य है।

ड – नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

च – जिन फर्मों के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मों की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

छ – परिषद के सचिव बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

ज– अन्य नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित हैं।

13/5/2015

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,

रामनगर (नैनीताल)।